हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36.9डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

12 तिरंगा यात्रा में उमड़ा सैलाब, कई बाजारों से होकर ...



12 नशे के खिलाफ रोडवेज के चालकों व परिचालकों ...



**प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत नारायणगढ़ की तहसील से हुई, रजिस्ट्री स्वीकार होने के बाद करना होगा ऑनलाइन स्टांप व रजिस्ट्रेशन शुल्क**

## पेपरलेस होगी जमीन की रजिस्ट्री, सिटीजन पोर्टल पर करना होगा आवेदन

- भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया के डिजिटलीकरण से लोगों को सुविधा होगी, समय और कागजी कार्रवाई की बचत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। एसडीएम तहसील में स्थापित कंप्यूटर रुम का अवलोकन करते हुए।

तहसील में सोमवार को पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस आधुनिक और पेपर लेस डिजिटल प्रक्रिया के लिए स्थापित कंप्यूटर एवं डेस्क रुम का शुभारंभ एसडीएम शिवजीत भारती ने रिबन काट कर किया। उन्होंने बताया कि यह पायलट प्रोजेक्ट राज्य सरकार के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य नागरिकों को तेज, सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसका शुभारंभ सबसे पहले प्रदेश में यहां की तहसील से किया गया है। उन्होंने कहा कि भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया के डिजिटलीकरण से लोगों को सुविधा होगी, समय और कागजी कार्रवाई दोनों की बचत होगी। पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम के संबंध में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया।

इसमें एसडीएम शिवाजीत भारती, नायब तहसीलदार संजीव अत्री, रजिस्ट्री क्लर्क, पटवारी और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। रेवेन्यू डिपार्टमेंट के जीएम (आईटी) संदीप सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान इस प्रणाली की पूरी प्रक्रिया का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिक (सिटीजन) पोर्टल पर अपनी भूमि से संबंधित जानकारी भरेंगे। इसमें खसरा नंबर और बेची जाने वाली हिस्सेदारी का विवरण शामिल होगा। यह जानकारी सर्कल रेवेन्यू ऑफिसर (तहसीलदार या नायब तहसीलदार) के लॉगिन में जाएगी। वे इसकी जांच कर वेरिफिकेशन करेंगे। सही जानकारी होने पर इसे एक्सेप्ट किया जाएगा।

अन्यथा रिजेक्ट करने का विकल्प भी रहेगा। रजिस्ट्री स्वीकार होने के बाद खरीदार ऑनलाइन स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करेगा। उसे पेमेंट स्लिप अपॉइंटमेंट तिथि के समय प्राप्त होगी। निर्धारित समय पर विक्रेता, खरीदार और गवाह तहसील में उपस्थित होंगे।

### प्रक्रिया के लिए स्थापित चार डेस्क

इस प्रक्रिया के तहत चार डेस्क स्थापित किए गए हैं। इसमें सबसे पहला आरसी-1 डेस्क है जिसमें हाजिरी दर्ज करना (विक्रेता, खरीदार और गवाह की उपस्थिति)। दूसरे डेस्क आरसी -2 होगा जिसमें फोटो और डिजिटल हस्ताक्षर लेना (विक्रेता, खरीदार और गवाह) शामिल है। तीसरे डेस्क में सीआरओ लॉगिन-साइन, फोटो और डीड की जानकारी की जांच, डिजिटल हस्ताक्षर करना शामिल है जबकि डेस्क चार में आरसी -3 डेस्क- रजिस्ट्री की तीन प्रतियां तैयार करना, एक खरीदार को, एक रिकॉर्ड में, और एक पटवारी के पास म्यूटेशन के लिए भेजना शामिल है। ट्रेनिंग सत्र के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस पूरी प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। उनके सभी प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम से पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी, कागजी काम कम होगा और नागरिकों को एक तेज, सुरक्षित एवं आधुनिक सेवा उपलब्ध होगी। नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने बताया कि इस पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम के माध्यम से सेल डीड और हुडा लाइसेंस (सुडा कॉलोनी) की रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन पेपर लेस होगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस नई तकनीक के माध्यम से रजिस्ट्री से जुड़े सभी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से संरक्षित रहेंगे। इससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या दस्तावेज खोने की संभावना समाप्त हो जाएगी।

**घटना से हड़कंप, सीसीटीवी में कैद हुई हरकत**

## घरौंडा में अज्ञात युवकों ने एक दर्जन गाड़ियों के शीशे तोड़े



घरौंडा। बदमाशों द्वारा तोड़ी गई गाड़ियों के शीशे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

सोमवार तड़के शहर में एक अज्ञात युवक ने उपद्रव मचाते हुए करीब एक दर्जन गाड़ियों के शीशे पत्थर मारकर तोड़ दिए। इस घटना से वाहन मालिकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सोमवार की अलसुबह लगभग 3:30 बजे की है। शहर के बीचोबीच स्थित सनातन धर्म मंदिर के समीप खड़ी दो गाड़ियों के पीछे के शीशे तोड़ने से शुरुआत हुई। इसके बाद युवक यहीं नहीं रुका, बल्कि वह लगातार शहर की विभिन्न गलियों में घूम-घूमकर गाड़ियों के आगे और पीछे के शीशे पत्थरों से तोड़ता रहा। सूत्रों के अनुसार, इस अज्ञात युवक ने सनातन धर्म मंदिर, पुराने गर्ल्स स्कूल का मैदान, मंडी मनीराम के पास, और सर्विस रोड के किनारे खड़ी गाड़ियों को भी निशाना बनाया। और रेलवे रोड पर एक काउंटर काउंटर के भी शीशे तोड डाले।कुल मिलाकर लगभग एक दर्जन गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया गया। कार मालिक अनिल ढींगरा ने बताया कि वह प्रतिदिन अपनी कार अपनी दुकान के सामने खड़ी करते हैं। रविवार रात भी उन्होंने गाड़ी बाहर खड़ी की थी, लेकिन सुबह पहुंचने पर देखा कि कार का पीछे वाला शीशा टूटा पड़ा है और पत्थर अभी भी कार के अंदर था। थोड़ी ही देर में यह खबर फैल गई कि शहर में कई गाड़ियों के शीशे तोड़े गए हैं।

घटना के बाद गाड़ी मालिक और स्थानीय लोग आस-पास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गए। फुटेज में युवक की हरकत साफ़ दिखाई दे रही है, हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह नशे में था या किसी अन्य मंशा से यह वारदात कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में लग गई है। पुलिस का कहना है कि दोषी युवक को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

**शिकायत पर होगी कार्रवाई**

अभी ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। अगर कोई शिकायत आती है उसके आधार पर ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। -दीपक कुमार एसएचओ, घरौंडा थाना

**कांवड़ यात्रा के दौरान साथियों से बिछुड़ गया था युवक**

## कांवड़ लेने हरिद्वार गए युवक की 27 दिन बाद अस्थियां ही वापस लौटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



तरावड़ी। जोगिन्द्र की मौत के बाद विलाप करते परिजन।

तरावड़ी के गांव रमाना रमानी के रहने वाले दो भाई अपने अन्य साथियों के साथ 13 जुलाई को कांवड़ लेने के लिये हरिद्वार गये। और 27 दिन के बाद एक भाई 26 वर्षीय जोगिन्द्र की परिवार वालों को अस्थियां मिली। मृतक जोगिन्द्र के भाई बलविन्द्र सिंह ने बताया कि हम दोनों भाई पांचवीं बार 13 जुलाई को कांवड़ लेने के लिये अन्य साथियों के साथ हरिद्वार गये थे। अगले दिन शाम को हम ऋषिकेश पहुंच गये रात्रि को अराम करने के बाद 15 जुलाई को नीलकंठ के लिये चल पड़े रात्रि 8 बजे वापसी आ गये। सुबह 16 जुलाई हरिद्वार के जल लेकर निकले। 17 जुलाई को बहादराबाद चुंगी से पांच किलोमीटर दूरी पर जोगिन्द्र हमसे बिछड़ गया। हमने उसको आसपास बहुत ढूंढा लेकिन नही मिला फिर साथियों के कहने पर मंगलौर थाने मे गुमशुदा की शिकायत दर्ज करवाई। इस दौरान मैनें आसपास के कस्बों मे और सोशल मिडिया के द्वारा गुमशुदा की सूचना भी दी। 8 अगस्त को फिर ढूंढने के लिये शामली, मुज्जफरनगर से ढूंढते हुये मंगलौर थाने मे शिकायत की जानकारी लेने के लिये पहुंचें। तो वहां उसके मृत होने सूचना मिली। पुलिस ने उसकी पहचान के लिये फोटो दिखाई।




जोगिंद्र की फाइल फोटो।

मंगलौर पुलिस के बताये अनुसार 17 जुलाई को खेमपुर गांव के पास नहर से डेडबाडी मिली और पहचान के लिये तीन दिन के लिये मर्चरी हाउस मे रखवा दिया। कोई पहचान ना होने से हरिद्वार की समाजिक सेवा समिति द्वारा दाह संस्कार किया गया। वहां से पहचान के बाद अस्थियां लेकर घर वापस आ गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की पर्ची काटने पर भड़के किसान, फ्री रखा टोल

हरिभूमि न्यूजः अंबाला

पंजाब के संदारसी गांव के किसान की भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की 250 रुपये की पर्ची काटने पर शंभू टोल प्लाजा पर हंगामा हो गया। मामले को लेकर सुबह पंजाब और हरियाणा की किसान जत्थेबंदियां टोल प्लाजा पर पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचे। किसानों ने यहां पहुंचने के बाद टोल फ्री करवा दिया और किसान की टोल की पर्ची काटने पर विरोध जताया। इस दौरान पंजाब व हरियाणा की किसान यूनियन पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। सवा एक बजे के करीब टोल प्लाजा और किसानों के बीच बातचीत के बाद समाधान निकला। किसानों ने मांगपत्र भी टोल प्लाजा अधिकारियों को सौंपा ताकि किसानों के वाहनों की टोल पर्ची न काटी जाए। किसानों ने पंजाब से अंबाला की तरफ आने वाली साइड का टोल फ्री करवा दिया। इस दौरान काफी भीड़ जमा हो गई।



### राष्ट्र रत्न अवॉर्ड : मीनाक्षी शेषाद्रि और मंदाकिनी की मौजूदगी में सम्मान समारोह

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा रविवार को स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित 'राष्ट्र रत्न अवॉर्ड 2025' समारोह में देशभर से आए समाजसेवी, शिक्षाविद, चिकित्सक, कलाकार और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि और मंदाकिनी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने मंच पर आकर पुरस्कार विजेताओं को शॉल, स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन राजेश शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश मलिक, महासचिव अनुज बंसल, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अमित त्यागी, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक रीता गुलाटी, जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी और कोषाध्यक्ष संदीप गोयल मौजूद रहे।

## स्योंसर जंगल में होगा वन्य जीव जंतुओं का संरक्षण: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिहोवा के गांव स्योंसर के सरस्वती क्षेत्र के जंगल की पारिस्थितिकी, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के पूर्णद्धार के लिए सरकार ने संकल्प लिया है। इस विषय को जहन में रखते हुए ही स्योंसर के जंगल में वन्य जीव जंतुओं और पक्षियों के संरक्षण के लिए तीन योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिहोवा के गांव स्योंसर में वन विभाग की तरफ से आयोजित वन महोत्सव के बाद कार्यकतार्ओं से बातचीत कर रहे थे। इस कार्यक्रम के बाद गांव थाना तक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जगह-जगह काफिला रुकवाकर लोगों से बातचीत की और आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती संरक्षण रिजर्व में तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है।

### गीता कन्या विद्यालय की विजेता छात्राओं को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



कुरुक्षेत्र। 76वें वन महोत्सव के उपलक्ष में वन विभाग द्वारा 21 जुलाई को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र की कक्षा 9 की छात्रा आंचल ने लिखित प्रश्न मंच में तृतीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता बाल वर्ग में कक्षा 6 की छात्रा युवानी ने द्वितीय कक्षा 8 की छात्रा मन्नत ने तृतीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता तरुण वर्ग में कक्षा 10 की छात्रा सरगम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वन महोत्सव कार्यक्रम में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा स्मृति चिह्न तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, उपाध्यक्ष डॉक्टर जितेन्द्र जांगड़ा, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरिप्रकाश, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, महिला प्रतिनिधि डॉ अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी तथा प्राचार्या सुमन बाला ने समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

**मौसम हुआ सुहाना** | **सड़कों व निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी**

## यमुनानगर में जमकर बरसे बदरा, जनजीवन प्रभावित

- बारिश के पानी की निकाशी के दावे हो रहे फेल, जगह जगह जमा हुआ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर





यमुनानगर। बारिश होने से नीचले इलाकों व सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते वाहन।

जिलेभर में अर्ध रात्रि से शुरु हुई बारिश सोमवार को दिन भर रुक रुक कर होती रही। इस दौरान सड़कों व नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार तड़के करीब दो बजे से जिले में बारिश शुरु हो गई। बारिश दोपहर तक रुक रुक कर होती रही। जिसकी वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा । इस दौरान कामकाजी लोग अपने गंतव्य पर पहुंचे। वहीं, अधिकांश बच्चे भी भीगते हुए अपने स्कूलों में पहुंचे। बारिश में सड़कों व नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। जगाधरी के मटका चौक, आजाद नगर, प्रोफेसर कालोनी आदि समेत कई नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, खजूरी मार्ग पर शादीपुर के नजदीक कई जगह तालाब जैसी स्थिति बन गई। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार को जिले के रादौर, खिजराबाद, साढ़ौरा, प्रतापनगर समेत सभी स्थानों पर दिन भर रुक रुककर कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होती रही।

### कहां कितनी हुई बरसात

| खंड | बरसात एमएम में |
|---|---|
| जगाधरी | 90 |
| छछरौली | 112 |
| सरस्वती नगर | 16 |
| साढौरा | 12 |
| प्रतापनगर | 40 |
| व्यासपुर | 25 |
| रादौर | 05 |

### हथनीकुंड बैराज पर जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी

जिले के मैदानी व पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से हथनुकुंड बैराज पर जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी है। यमुनानदी में शाम को जलस्तर 30 हजार क्यूसिक बह रहा था। सिंचाई विभाग के सूत्रों ने बताया कि फिलहाल हथनी कुंड बैराज से छोड़ा जा रहा पानी सामान्य सीमा के भीतर है। अभी कोई चिंताजनक बात नहीं है। मगर सिंचाई विभाग व प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। सिंचाई विभाग के सूत्रों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला ऐसे ही जारी रहा तो जलस्तर में और बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन अभी स्थिति नियंत्रण में है।

### 9 सिलेंडर समेत आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी में दर्ज गैस सिलेंडरों की रिफिलिग का गैर कानूनी धंधा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रामू को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक गौरव अधिकारी खाद्य एवं आपर्ति विभाग ने 9 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रामू ग्वाल मंडी रामबाग रोड गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग का गैर कानूनी धंधा करता है। आरोपी सिलेंडरों से गैस निकाल कर दूसरे सिलेंडरों में भरकर आमजन के साथ धोखाधड़ी कर रहा है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**पाठकों के लिए आवश्यक सूचना**
"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005

**खबर संक्षेप**

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 को कार्यक्रम

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान एवं युवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सुंदरता थीम पर रखा गया है जिसके तहत एक फोटोग्राफी प्रदर्शनी लगेगी। इस फोटोग्राफी प्रदर्शनी के साथ ही फोटोग्राफी पर संस्थान में एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया जाएगा।

### ताला तोड़कर लाखों की नकदी व आभूषण चोरी

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र के गांव घिलोर में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर आठ लाख रूपये की नकदी समेत सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव घिलोर निवासी सुखविंदर कौर ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह आठ अगस्त को घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गई थी। 10 अगस्त को जब वह अपने घर वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से आठ लाख रूपये की नकदी, एक सोने की चेन, अंगूठी व सोने की बालियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### तीन लोगों ने कार सवार व्यक्ति पर किया हमला

यमुनानगर। जिले के छछरौली थाना क्षेत्र के गांव लेदी के पास कार में सवार होकर आए तीन लोगों ने गाड़ी में सवार एक व्यक्ति पर डंडों व विंडो से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव डेरा निवासी आस मोहम्मद ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आठ अगस्त को शाम छह बजे अपनी कार में घर लौट रहा था। जब वह गांव लेदी के पास पहुंचा तो एक कार में सवार होकर हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गांव पलौड़ी निवासी फारुखए फरीद खान व अरशद आए।

### 4.200 किलोग्राम गांजा समेत काबू

अंबाला। थाना पंजोखरा साहिब की डिफेंस कॉलोनी सेक्टर-सी से नशा तस्करी के मामले में आरोपी रवि कुमार को 4 किलो 200 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय 1 दिन के रिमांड पर भेज दिया। बाइक पर सवार होकर मादक पदार्थ की बड़ी खेप लेकर डिफेंस कॉलोनी से गुजरेगा।

### युवक पर बदमाशों ने की फायरिंग, पैर पर लगी गोली

कुरुक्षेत्र। रविवार देर रात्रि कीर्ति नगर में तीन कारों में सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़े एक युवक नरेश पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इनमें एक गोली नरेश के पैर पर लगी। पैर पर गोली लगते ही नरेश नीचे जमीन पर गिर गया। गोलियों की आवाज सुनते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों के मौके पर एकत्रित होने से बदमाश अपनी दो कारों को मौके पर छोड़कर एक कार में बैठकर फरार हो गए। गुस्साएं लोगों ने बदमाशों की दोनों कारों में तोड़फोड़ कर दी।

## खबर संक्षेप

### 42 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित

**करनाल।** 5 से 8 अगस्त तक आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में बाबा राम दास विद्यापीठ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 42 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चयनित खिलाड़ियों में अभय (वॉलीबॉल), तनिष और सक्षम (कबड्डी), सत्यम और हिमांशु (फुटबॉल), स्पर्श, तनिष और अक्षरा (हॉकी), गौरिका और सिधि (खो-खो), हार्दिक (तैराकी), डेविश (चेस), यक्ष पॉल (400 मीटर दौड़), अमन और आस्था (ताइक्वांडो) शामिल हैं। विद्यालय की मैनेजर साबिया बत्रा और प्रधानाचार्या नीनू चांदना ने खिलाड़ियों और कोच को बधाई।

### स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए निकाली रैली

**करनाल।** स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले रविवार को आयोजित रैली में शहर के 25 से अधिक स्कूलों के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया और स्वदेशी उत्पादों के समर्थन में जोरदार संदेश दिया। रैली की शुरुआत आर्य कॉलेज मैदान से हुई, जहां मंच के जिला संयोजक रमेश वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री अनिल चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजक नीता गर्ग और युवा प्रकोष्ठ के प्रमुख संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ', 'अपने देश का माल लो' जैसे नारे लगाए।

### गीत 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोकार्पण

**करनाल।** सेवानिवृत्त जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मवीर सिंह द्वारा रचित ऑपरेशन सिंदूर गीत का लोकार्पण तिरंगा यात्रा के दौरान इन्द्री विधायक रामकुमार कश्यप और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने किया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि यह गीत देश की सेनाओं और नारी शक्ति के पराक्रम का प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने कहा कि तिरंगा यात्रा और यह गीत, दोनों ही देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा देते हैं।

### अतिक्रमण किया तो वसूला जाएगा जुर्माना

**नीलोखेड़ी।** नगरपालिका प्रशासन ने नगर में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। नगरपालिका सचिव राहुल सैनी ने रविवार को चेतावनी दी कि जो लोग बार-बार अतिक्रमण करेंगे, उनके खिलाफ जुर्माना वसूली और पुलिस कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने बताया कि हाल ही में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में मुख्य बाजार, रेलवे रोड और बस स्टैंड क्षेत्र से कई अवैध ढांचे हटाए गए थे। लेकिन कुछ लोगों ने फिर से फुटपाथ और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लिया। अभियान में नपा के जूनियर इंजीनियर अमित ढुल, स्वास्थ्य निरीक्षक जगदीश कुमार, राजस्व निरीक्षक सुभाष शर्मा और नगरपालिका कर्मचारी दल के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## विधायक के पीए, नगरवासी और अभिभावक बच्चों के साथ शामिल हुए

# सेक्टर 13 में गूंजे भारत माता के जयकारे तिरंगा रैली से जागी देशभक्ति की भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत राजकीय उच्च कन्या विद्यालय, सैक्टर 13 में सोमवार को देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। स्काउट गाइड कब बुलबुल डीओसी अनिल सैनी और विद्यालय मुखिया सपना पुरी के नेतृत्व में छात्राओं ने सैक्टर 13 की गलियों में तिरंगा लहराते हुए और भारत माता की जय के नारों के साथ रैली निकाली। रैली में करनाल विधायक जगमोहन आनंद के पीए सहित नगरवासी और अभिभावक भी बच्चों के साथ शामिल हुए। रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और हर घर तिरंगा अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। रैली के उपरांत विद्यालय में तिरंगे की पेंटिंग, रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य सपना पुरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, "तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान और हमारी आज़ादी का प्रतीक है। हमें इसे सम्मान के साथ फहराना चाहिए और हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भाग लेना चाहिए।"

अनिल सैनी ने कहा कि यह अभियान न केवल तिरंगे के सम्मान को बल देता है, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक भागीदारी और देशभक्ति की भावना को भी मज़बूत करता है। इस मौके पर दलीप सिंह, सुनील अरोड़ा, नवजोत कौर, हंस कंवर, भारती, राजेंद्र, करण, रेनू, ललिता, नीलम बंसल, रिचा, सरला आदि मौजूद रहे।



### अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं



**तरावड़ी।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा यात्रा आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व अर्पण कर चुके सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का महापर्व है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन बान और शान का प्रतीक है। जिसे हर भारतीय को अपने घर पर शान से फहराना चाहिए। तिरंगा यात्रा हर भारतीय के दिल में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति समर्पण देशभक्ति व सद्भावना को उजागर करता है साथ ही भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने वैसे को गौरवन्ति महसूस भी करता है। यह शब्द नपा पूर्व अध्यक्ष पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा व पार्षद नरेश गाबा, समाजसेवी यशपाल सलूजा ने संयुक्त शब्दों में कहे। इस अवसर पर पार्षद सुरेन्द्र खुराना, पार्षद आत्मप्रकाश, पार्षद नरेश गाबा, उद्योगपति यश सलूजा, भारत शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## तिरंगा शहीदों व आजादी के परवानों के त्याग की निशानी: विधायक भगवानदास



तिरंगा यात्रा मे विधायक भगवानदास कबीरपंथी व कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को तरावड़ी मंडी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यह यात्रा तरावड़ी से भाजपा विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में निकली। इस कार्यक्रम के संयोजक राजीव नारंग रहे। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में युवाओं व महिलाओं ने भाग लिया। बड़ी संख्या में मोटर साइकिलों पर सवार लोगों ने देश की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे को हाथों में ले भारत माता के जयकारे लगाए। तिरंगा यात्रा तरावड़ी अनाज मंडी से शुरू हुई। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि तिरंगा शहीदों व आजादी के परवानों के त्याग की निशानी है। तिरंगा हमारी अस्मिता, संस्कृति और बलिदानों का प्रतीक है। तिरंगा लाखों स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के संघर्ष की याद दिलाता है। यात्रा में जिला प्रवक्ता शिवनाथ कपूर, पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



### असंध में विधायक योगेंद्र राणा की तिरंगा यात्रा

**असंध।** हर घर तिरंगा' अभियान के तहत असंध में भाजपा विधायक योगेंद्र राणा के नेतृत्व में रविवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन सुनीता शर्मा, पूर्व चेयरमैन राजेश बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद गर्ग, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ गोयल और महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिता मलिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।यात्रा की शुरुआत नगर परिषद कार्यालय से हुई, जहां सुबह से ही लोग तिरंगे और देशभक्ति के नारों के साथ इकट्ठा होने लगे। स्कूली बच्चों ने सफेद वेशभूषा में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से माहौल गूंजा दिया।
विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि हमारा तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि आजादी के लाखों बलिदानों का प्रतीक है। 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा फहराना सम्मान के साथ-साथ कर्तव्य भी है।



### वीरों ने प्राणों की बाजी लगा देश की रक्षा की: गाबा

**तरावड़ी ।** तिरंगा यात्रा मे भाग लेने से पहले नगरपालिका पार्षद नरेश गाबा व पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के शहीदों की याद में शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रही है। तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा देश के हर नागरिक को राष्ट्रभक्ति की भावना के लिए प्रेरित करती है। भारत माता के वीर सपूतों की याद में जिन्होंने देश की आजादी व रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, उनके सम्मान में हर वर्ष तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत देश सदा वीरों की भूमि रहा है और जब-जब भी हमारे देश पर कोई संकट आया तो देश के वीरों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा की है। इस अवसर पर पार्षद सुरेन्द्र खुराना, पार्षद कमल जांगड़ा, पार्षद आत्मप्रकाश, पार्षद भारत शर्मा, पार्षद लखविन्द्र सिंह, अन्य साहित मंडी के लोग मौजूद थे।

### तिरंगा यात्रा से लोगों में बढ़ता है सौहार्द एवं भाईचारा : सुभाष गुप्ता



**तरावड़ी।** तिरंगा यात्रा के दौरान नई अनाज मंडी के प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि असंख्य वीर शहीदों की बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं और हम सभी का दायित्व ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी बनता है कि हम उन महान वीरों की शहादत को नमन कर उन्हें सम्मान दें। उन्होंने कहा कि इस शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा से देश में शहीदों एवं तिरंगे के प्रति लोगों में सम्मान की प्रेरणा जगेगी। तिरंगा हमारे देश की एकता का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा से लोगों में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बढ़ता है । उन्होंने कहा कि देश को आजाद करवाने में और देश की सीमाओं की रक्षा करने में जिन वीर शहीदों ने अपनी शहादत दी है उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। सभी शहीद हमेशा हमारे लिए स्मरणीय और प्रेरणादायक रहेंगे।

## तिरंगा यात्रा देश के शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के विश्राम गृह से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर,भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता तथा धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले, विशेषकर युवाओं में विशेष उमंग, उत्साह व जोश दिखाई पड़ रहा था।

यह शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा सिंचाई विभाग के विश्राम गृह से चलकर शहीदी चौक पर शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से होकर वापिस सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में ही सम्पन्न हुई। शहर में विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया।



### तिरंगा यात्रा से लोगों में बढ़ता है आपसी सौहार्द एवं भाईचारा

तिरंगा यात्रा के दौरान जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की एकता का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा से लोगों में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बढ़ता है । उन्होंने कहा कि देश को आजाद करवाने में और देश की सीमाओं की रक्षा करने में जिन वीर शहीदों ने अपनी शहादत दी है उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।



**तरावड़ी।** चयनित विद्यार्थियों के साथ डायरेक्टर हन्नी चौधरी, निर्देशिका पिथी चौधरी व स्कूल प्रधानाचार्य विकास उतरेजा।

### प्रताप पब्लिक स्कूल के खिलाडियों ने राज्य स्तर खेलों में बनाया अपना स्थान

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ यदि लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएं, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अनेक प्रतिस्पर्धाओं में राज्य स्तर के लिए चयनित हुए। राज्य स्तर के लिए लडकियों में 100,200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मारिया चयनित हुईं। शॉट पुट (गोला फेंक) में भी मारिया चयनित हुईं। शतरंज में मानसिक चतुराई का परिचय देते हुए स्वरा ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। ताइक्वांडो मे अनशिल और सौम्या ने बाजी मारी। बैडमिंटन में भी प्रतिभाशाली प्रदर्शन करते हुए नवकिरत विजयी हुईं। वहीं दूसरी ओर लडको में अक्षित डिस्क थ्रो गुरुकृपा शतरंज में, साहिल हैमर थ्रो में, ताइक्वांडो में दिव्यम और एकमजीत ने अपना स्थान बनाया। स्कूल चेयरपर्सन हन्नी चौधरी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कौशल का विकास होता है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए जनेसरो स्कूल के आठ बच्चे

**इंद्री।** जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए जनेसरों स्कूल के 8 बच्चों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर स्कूल व गांव में खुशी की लहर है। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल के प्रति समर्पण, अथक प्रयास, निरंतरता, अनुशासन और सामूहिकता सफलता की सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी जिला स्तर पर जीत कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं उन सब पर हमें गर्व है। मौलिक मुख्य अध्यापिका सरोज बाला ने कहा कि जनेसरों मे कार्यरत धीरज डीपीई के नेतृत्व में खंड स्तर पर प्रथम आए खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लड़कियों की प्रतियोगिता में टीना आठवीं ने डिस्कस थ्रो में दूसरा स्थान स्थान प्राप्त किया।

## दून इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- सीबीएसई क्लस्टर बॉक्सिंग में पदक और जिला वॉलीबॉल में चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कैथल रोड स्थित दून इंटरनेशनल स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और जज़्बे से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर गेम्स (बॉक्सिंग) और जिला स्तरीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए।

### बॉक्सिंग में तीन पदक, नेशनल के लिए चयन

सीबीएसई क्लस्टर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विद्यालय की तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उम्दा खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

निकिता — स्वर्ण पदक
टीना — रजत पदक
रियान्शु — कांस्य पदक

इन तीनों खिलाड़ियों का चयन अब सीबीएसई नेशनल गेम्स 2025 के लिए हो चुका है, जहां वे विद्यालय और करनाल का प्रतिनिधित्व करेंगी/करेंगे। इस अवसर पर बॉक्सिंग रिंग में बच्चों के दमदार पंच और त्वरित रणनीति दर्शकों को रोमांचित कर गए। वॉलीबॉल में लड़कियों की टीम बनी जिला चैंपियन दून इंटरनेशनल स्कूल की लड़कियों की वॉलीबॉल टीम ने जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

दून ग्रुप ऑफ स्कूल्ज़ के प्रबंध निदेशक कुलज़िन्दर मोहन सिंह बाठ, विद्यालय की प्रिंसिपल स्वर्ण कौर और स्पोर्ट्स इंचार्ज रोहित चौधरी ने सभी विजेताओं और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए पुरस्कृत किया। कुलज़िन्दर मोहन सिंह बाठ ने कहा, "हमारे विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि समर्पण और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है। हमें गर्व है कि वे अब राष्ट्रीय स्तर पर हमारे विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।




### विजेता टीम में शामिल छात्राओं के नाम और कक्षाएं इस प्रकार हैं:

खुशी — कक्षा 12 (आर्ट्स)
श्रेया — कक्षा 12 (कॉमर्स)
दिव्या — कक्षा 12 (कॉमर्स)
मननत — कक्षा 12 (साइंस)

मैच के दौरान टीम ने सटीक सर्व, तेज स्पाइक और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन किया, जिससे विरोधी टीमों को लगातार दबाव में रखा गया।

## वोट चोरी मामला में कांग्रेस ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को जाट भवन, करनाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा और चुनाव आयोग पर लोकतंत्र को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, ललित बुटाना, भूपिंदर लाठर और राजेश वैध ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा बेंगलुरु सेंट्रल की महादेव पुरासोम सीट पर एक लाख 250 वोट चोरी का आरोप देश के चुनावी इतिहास में गंभीर मामला है।

सुरेश गुप्ता ने कहा, "देश को आज़ाद कराने के लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया, लेकिन आज चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर लोकतंत्र को गुलामी की राह पर ले जाने का काम कर रहा है।" उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस की जीत के बावजूद भाजपा ने सत्ता हथिया ली। भूपिंदर लाठर ने कहा कि आधार कार्ड और वोटर कार्ड को नागरिकता का आधार न मानना अलोकतांत्रिक कदम है और बिहार में 65 लाख वोट काटे जाने की बात पूरी तरह गलत है। राजेश वैध ने चुनाव आयोग से मतदाता सूची का डिजिटल डेटा सार्वजनिक करने की मांग की। ललित बुटाना ने कहा, "मतदान प्रतिशत में नतीजों के बाद बदलाव एक तरह की डिजिटल धोखाधड़ी है। पहले 52 प्रतिशत दिखाया जाता है, अगले दिन 60 प्रतिशत और फिर एक सप्ताह बाद 67 प्रतिशत यह साफ गड़बड़ी का संकेत है। इस मौके पर सुखराम बेदी, राजिंद्र नंबरदार और निकोलस गौतम भी उपस्थित रहे।



## विधायक रामकुमार कश्यप बोले- वरदान साबित हो रही योजना

# विधायक ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को किए चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता के चेक वितरित किये। इस दौरान उन्होंने रविंद्र कुमार निवासी गांव रंदौली को 1 लाख 25 हजार रुपये और गांव खेड़ी जाटान निवासी राज कुमार को 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस मौके पर मार्किट कमेटी सचिव जसबीर सिंह मौजूद रहे।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना किसानों व खेतीहर मजदूरों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि कार्यों के दौरान खेतों, गांवों, मार्केट यार्ड में या इन स्थानों पर आते-जाते वक्त यदि कोई किसान या मजदूर दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो उसे विशेष सहायता प्रदान की जाती है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए विकास एवं कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इन्हीं योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना है। इस योजना में पीड़ित को 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नियंत्रण तथा निरीक्षण में मार्केट कमेटी द्वारा चलाई जाती है। उन्होने बताया कि सरकार की इस योजना का लाभ उन लोगों को मिलता है जो कृषि, मशीनरी, औजार, टूल्स, उपकरण, यंत्र व कुआं खोदने, ट्यूबवेल लगाने जैसे काम करते समय, जहरीली गैस, क्रेन, क्रेशर, कोल्हू, चारा काटने की मशीन, थ्रेसर पर कार्य करते समय दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है या कोई शरीर का अंग भंग हो जाता है। इसके अलावा किसी कृषि उपकरण को चलाते समय बिजली करंट के कारण और गाड़ी से कोई कृषि उपज ले जाते समय किसी पशु ठेला, ट्रक या किसी अन्य वाहन के साथ दुर्घटना के कारण तथा कृषि संबंधी कार्यों के दौरान कोई कीटनाशक दवाई, पेस्टीसाइड, खरपतवार नाशक दवाई के प्रयोग से तथा बिजली करंट या अग्नि संकट के समय किसान या मजदूर की मृत्यु होने पर, मार्केट यार्ड में कृषि उत्पादन उतारते शिफ्ट या तोलते समय दुर्घटना के कारण तथा कृषि कार्यों के दौरान सांप या अन्य जहरीले जीव के काटने के कारण मौत होने पर सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए दुर्घटना होने के दो मास के अंदर आवेदन पत्र भरकर संबंधित मार्केट कमेटी कार्यालय में देना होता है।



इंद्री । इंद्री के सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में लाभार्थियों को वित्तीय सहायता के चेक वितरित करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

## खबर संक्षेप

### पेंटिंग बनाने में आर्यन प्रथम

**पानीपत।** जिला स्तरीय वन महोत्सव में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली के छात्र आर्यन को जिला पानीपत में पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया। आर्यन को राजकीय प्राथमिक पाठशाला जाटल में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई समाजसेवी हरपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, जिला वन अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी, डीईओ राकेश बूरा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली के छात्र आर्यन को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया।

### नशा मुक्त अभियान चलाया, शपथ दिलाई

**पानीपत।** समाज कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को जिला सचिवालय में नशा मुक्त अभियान को लेकर अधिकारियों और आमजन को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय, डीएसपी सतीश वत्स, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा, जिला परिषद डिप्टी सीईओ कंचन लता, सहायक रोजगार अधिकारी विनीता व समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया कि सरकार द्वारा नशा मुक्त अभियान में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय में सोमवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि सभी अधिकारियों को पूरे आत्म विश्वास के साथ लोगो की शिकायतों का समाधान करना चाहिए। यह हमारी ड्यूटी का बड़ा हिस्सा है इसमें हमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी है। वहीं, शिविर में पेंशन, पुलिस विभाग व क्रीड विभाग से संबंधित 71 शिकायती सोमवार को दर्ज हुई, जिनका समाधान करने के लिए संबंधी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### बाल पुरस्कार को आवेदन मांगे

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए अवार्डस.जीओवी.आईएन पर 15 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी।

### सकल के अध्यक्ष बने सतीश कुमार

**पानीपत।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की गांव बापौली की अनाज मंडी में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक बापौली के प्रधान सतीश कुमार गोयला खुर्द, उप प्रधान रविंद्र कुमार पसीना कलां को चुना गया। इस अवसर पर रविंद्र चौहान जिला सचिव, जिला प्रधान सुरेश जालपाड़, राजकुमार, संदीप गोयला कलां, जयनारायण गढी भल्लौर आदि मौजूद रहे।

### क्राइम ग्राफ को जीरो करेगेः सिंह

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्जों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा लेकर अपराधों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए।

### तिरंगा यात्रा की तैयारी पूरी

**पानीपत।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन भू - विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इसराना विधानसभा में मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा मडलौडा अनाज मंडी से शुरू होकर भालसी गांव में समाप्त होगी।


---

महान कवि तुलसीदास को जयंती व खुदीराम बोस के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी

# सामाजिक बुराइयों से दूर रह कर ही मनुष्य को मोक्ष मिलता हैः आर्य

कादियान ने कहा कि सत्य सनातन वैदिक धर्म में पाखंडों के लिए कोई स्थान नहीं है

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत



आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान मेधावी खिलाड़ी अभिनव को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में महान बलिदानी खुदीराम बोस के शहीदी दिवस और महान साहित्यकार गोस्वामी तुलसीदास की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। जबकि आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य, वैदिक प्रचारक नवीन आर्य, उपप्राचार्य जगदीश चहल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष महताब मलिक ने की। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस अवसर पर 19वीं ऑल इंडिया कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले अभिनव और एसजीएफआई ब्लॉक लेवल योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभिनव मिश्रा को भी विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के महान बलिदानी खुदीराम बोस जैसे ज्ञात अज्ञात सभी स्वतंत्रता सेनानियों का यह देश हमेशा ऋणी रहेगा। जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि खुदीराम बोस ने 18 वर्ष से कम आयु में ही अपना बलिदान देकर इस देश की आजादी की ज्वाला जलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास, हिंदी साहित्य और भक्ति आंदोलन के महान कवि थे। वह राम भक्ति शाखा के प्रमुख कवि माने जाते हैं जिन्होंने अपने ग्रंथों के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र, भक्ति, मर्यादा और आदर्शों का प्रचार किया। आज भी विश्व मानव राम राज्य की कल्पना करके मंत्र मुग्ध हो जाता है। कादियान ने कहा कि सत्य सनातन वैदिक धर्म में पाखंडों के लिए कोई स्थान नहीं है। इसीलिए ऋषि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना कर 10 वैदिक सिद्धांत बनाएं जिन पर चलते हुए कोई भी मनुष्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है।

---



पानीपत। राजकीय स्कूल में जनता को नशे के विरूद्ध जागरूक करते हुए सविता आर्य, टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो :हरिभूमि

# मानवता के लिए घातक है नशे की लत : सविता

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के आह्वान पर सोमवार को नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को जागरूक किया। वहीं, सरकार द्वारा चलाई गई नशा मुक्त हरियाणा मुहिम को मजबूती प्रदान करने के लिए पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलालपुर प्रथम, राजकीय स्कूल गांव बापौली, राजकीय कन्या स्कूल गांव बापौली, राजकीय स्कूल गांव रसलापुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप, पानीपत में जाकर विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देकर नशे के विरूद्ध जागरूक किया। इधर, समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने कहा कि हमारी समिति सन 2015 से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान व नारी उत्थान के लिए कार्य कर रही है। समिति के सामने सैकड़ों ऐसे मामले आए जिसमें बेटियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बच्चियों के साथ दुराचार करके पहचान छुपाने के लिए उनकी हत्या तक कर दी जाती है । इस तरह के सभी मामलों में दोषी नशे से ग्रस्त व्यक्ति ही मिलता है। जिसको न समाज की न परिवार की कोई परवाह होती। नशा करने से उसकी गंदी मानसिकता बन जाती है वह अच्छाई बुराई का फर्क नहीं समझ पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए नारी तू नारायणी उत्थान समिति द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चला कर समाज को जागरूक किया जाता है। वहीं, समिति सदस्य व कला अध्यापक सुरेंद्र राठी ने सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

---

# भगवान की प्राप्ति केवल समर्पण भाव से संभव

■ भक्ति के प्रकट होने पर आप भगवान की प्राप्ति कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत



पानीपत। श्रीमद् भागवत कथा करते पंडित राधे राधे महाराज। फोटो :हरिभूमि

पानीपत के असंध रोड के दीवान नगर स्थित बाबा बत्ती वाला मंदिर कुटिया में वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के आदित्य दिवस पर प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित राधे राधे महाराज ने विकास मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कालखंड के अंदर कलयुग में केवल भगवान की प्राप्ति ही सबसे मुश्किल कार्य है। आप अपने कार्य में अधिक परिश्रम करके धन अर्जित कर सकते हैं। उसे धन से आप भोग विलास की वस्तुएं खरीद सकते हैं और भोग विलास से परिवार का सृजन नहीं कर सकते हैं, साथ ही सोना चांदी हीरे जवारत एवं मकान दुकान सब कुछ आप परिश्रम करके कमा सकते हैं, लेकिन यदि सबसे महंगी कोई वस्तु है तो वह भगवान की प्राप्ति या भगवान की भक्ति है भगवान की भक्ति सरल नहीं है क्योंकि भगवान की भक्ति के लिए समर्पण चाहिए और समर्पण के साथ आपकी आस्था होनी चाहिए और जब आपकी आस्था होगी तो उसे आस्था के सहारे ही भक्ति प्रकट होगी वह भक्ति के प्रकट होने पर आप भगवान की प्राप्ति कर सकते हैं ऐसा शास्त्र कहते हैं। इस अवसर पर ओम प्रकाश सोढ़ी, बालकिशन ढींगरा, देवेंद्र कुमार ग्रोवर, सुशील चोपड़ा, मोहित सिदवानी, डॉ. गोविंद सोढ़ी, भीम सैन बत्रा, राज कुमार मुंजाल, सतीश गंभीर पंडित अनिल शास्त्री पंडित दीपक शास्त्री चमन लाल ढींगरा, चरणजीत छावड़ा, बीटू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

# समालखा कृषि सहकारी समिति का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸। समालखा



समालखा। कृषि सहकारी समिति की प्रबंधक कमेटी के विजेताओं को सम्मानित करते जगतार सिंह बिल्ला। फोटो :हरिभूमि

समालखा कृषि सहकारी समिति की प्रबंधक कमेटी का चुनाव भापरा रोड स्थित राजकीय पीएम स्कूल में रविवार को शांति पूर्वक हुआ। वहीं, कमेटी के पांच पदों के लिए 10 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था। इनमें से पांच ने अपने प्रतिद्वंदियों को समर्थन दे दिया। जिससे आपसी भाईचारे का उदाहरण देखने को मिला। वहीं ऋषि छौक्कर चुलकाना, वेद प्रकाश किवाना, विजेन्द्र कुहाड़ समालखा, सुनील कुमार भापरा और विरेन्द्र नामुंडा को प्रबंधक कमेटी का सदस्य चुना है। जबकि एससी और बीसी वर्ग के दो सदस्य निर्विरोध चुने जा चुके है। समिति के सभी सदस्यों का कार्यकाल पांच साल का होगा। यह सदस्य प्रधान व उपप्रधान का चुनाव सहमति से चयन करेंगे। इधर, समिति के कुल 2700 वोटर है। यह समीति किसानों की सुविधाओं के लिए काम करती है। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान व किसान नेता जगतार सिंह बिल्ला व बलदेव छाबड़ा ने सर्वसमीति से चुने गए सभी सदस्यों को बधाई देते हुए पटका पहना कर और सिरोपा देकर सम्मानित किया।

---




पानीपत। आईबी कॉलेज में पौधा रोपते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक।

### पर्यावरण घना होने से मानवता सुरक्षित होगी

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल करेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अनमोल धरोहर हैं। वहीं पर्यावरण को घना करने से मानवता सुरक्षित होगी। वहीं, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिएए ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू ने कहा कि यह केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का निर्वहन है। विद्यार्थियों का उत्साह और सहभागिता देखकर हमें विश्वास है कि ये पौधे हरित भविष्य का आधार बनेंगे। कार्यक्रम में डॉ.पूनम मदान, लेफ्टिनेंट राजेश कुमार, प्रो.संगीता, डॉ. नीतू मनोचा आदि उपस्थित रहे।

### पाइट के स्वयं सेवी विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया

**समालखा।** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) की एनएसएस टीम ने गांव डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बताया कि स्वच्छता से ही बीमारियों को हराया जा सकता है। हमें अपने आसपास गंदगी नहीं ठहरने देनी चाहिए। बचपन से ही बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का बीजारोपण करना चाहिए। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। देवेंद्र, प्रदीप और रश्मि के नेतृत्व में एनएसएस अध्यक्ष पार्थ कुंडू, उपाध्यक्ष नवजोत, कीर्ति बरेजा, जनसंपर्क प्रमुख विभूति शर्मा और समन्वयक दिवांशु के साथ स्वयं सेवी विद्यार्थी शामिल हुए। ग्राम पंचायत के सरपंच सुनील ने स्वयं सेवकों को सरहाना करते हुए कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा और गांव को पूरी तरह से स्वच्छ किया जाएगा।




पानीपत के गांव डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाते हुए पाइट के स्वयंसेवी विद्यार्थी।



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन व राजकीय स्कूल के टीचर्स व स्टूडेंट्स तिरंगा यात्रा निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### फैला उजियारा फाउंडेशन ने तिरंगा यात्रा निकाली

**पानीपत।** फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत इसराना उपमंडल के कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने किया। उन्होंने कहा की तिरंगा यात्रा का उद्धेश्य देश के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करना, युवाओं में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देना, युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ना और स्वतंत्रता सेनानियों और उनके बलिदान को याद करना प्रमुख है। तिरंगा यात्रा में स्कूल स्टाफ के सदस्य डॉ. रविंद्र शर्मा, सत्यवान सैनी, अजय शर्मा, राजेश कुमार, संजीव कुमार, सोमदत्त शर्मा, यशवीर सिंह, सुदेश जागलान, प्रीति देवी , पूजा रानी, सीमा रानी, बबीता मलिक व पूनम देवी मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट ने मोहित को गांव बुआना लाखू का सरपंच बनाया

**इसराना।** सुप्रीम कोर्ट ने मतगणना के आधार पर गांव बुआना लाखू के सरपंच पद पर मोहित को 51 वोटों से निर्वाचित घोषित किया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पानीपत प्रशासन को नवनिर्वाचित सरपंच मोहित को दो दिनों के अंदर सरपंच पद की शपथ व कार्यभार दिलवाने के निर्देश दिए है। स्मरणीय है कि गांव बुआना लाखू में ढ़ाई साल पहले पंचायत चुनाव में छोटी सी गलती के कारण हारे हुए प्रत्याशी कुलदीप को पहले सरपंच विजेता घोषित प्रमाण पत्र जारी कर दिया। जब मोहित समर्थकों को पता चला की उसको जीत के बाद हारा हुए घोषित किया है विरोध के बाद दुबारा वोटों की गिनती हुई ओर उसको सरपंच विजेता घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया गया था। जबकि पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने कुलदीप को स्टे दे दिया और वे ढाई साल तक सरपंच बना हुआ है। इधर, न्याय के लिए मोहित सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। वहां छह अगस्त को वोटों की गिनती करवाईं गई और सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतगणना पर अपना फैसला सुनाया। मोहित की जीत पर गांव में खुशी का माहौल है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी एवं बीडीपीओ उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आर्डर मिलने के साथ ही मोहित को ग्राम सरपंच की शपथ व कार्यभार दिलवा दिया जाएगा।



---

**कार्यक्रम** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने गांव पट्टी कल्याणा में विकास कार्यक्रम किया

# जन सेवा में जुटा है निरंकारी मिशनः मनमोहन

■ यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास एवं जनहित के उद्देश्य हेतु आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। समालखा



समालखा। विधायक मनमोहन भड़ाना का स्वागत करते हुए संत निरंकारी चैरिटेबल फ़ाउंडेशन के स्वयंसेवी। *फोटो: हरिभूमि*

सतगुरु माता सुदीक्षा के आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फ़ाउंडेशन ने गांव पट्टी कल्याणा में ग्राम विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं, यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास एवं जनहित के उद्देश्य हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनमोहन भड़ाना एवं संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय सेवादल अधिकारी जीपी चड्ढा ने किया। विधायक मनमोहन भड़ाना ने निरंकारी मिशन द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की जमकर तारीफ की उन्होंने कहा की निरंकारी मिशन लोगों की सेवा करने में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख गतिविधियां जिनमें मुख्यतःसरकारी सह-शिक्षा विद्यालय में नव-निर्मित बालिकाओं के शौचालय का उद्घाटन, प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को 200 से अधिक स्कूल बैग एवं स्टेशनरी किट का वितरण, निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर, जिसके अंतर्गत प्राथमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 350 से अधिक विद्यार्थियों ने लाभ प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु नवीनी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन और विद्यार्थियों के लिए नवीनीकृत निःशुल्क कोचिंग केंद्र का उद्घाटन इत्यादि सम्मिलित रही। उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी चैरिटेबल फ़ाउंडेशन का उद्देश्य ऐसे समाज कल्याण कारी कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य,स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है जिसके लिए निरंकारी मिशन सदैव कार्यरत रहता है।

---



आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

### सुख हो या दुख मनोबल हमेशा उंचा रखें विद्यार्थीः डॉ. गुप्ता

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज में कॉमर्स व मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए ओपी शिंगला सभागार में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ-साथ कॉमर्स व मैनेजमेंट विभाग के प्राध्यापकों ने भी भाग लिया। विद्यार्थियों को कॉलेज पर बनी डॉक्यूमेंटरी दिखाई गई। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, महासचिव कमल किशोर समेत सभी सदस्यों ने अपने संदेश में नए आए विद्यार्थियों का स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने नए आए विद्यार्थी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढें। कॉमर्स व मैनेजमेंट के कॉर्स में विद्यार्थियों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं है बशर्ते विद्यार्थी अपने इन तीन वर्षों में पूरी मेहनत व लगन से अपनी क्लास लगाएं व अपनी पढाई को पूरा समय दें। उन्होंने कहा कि जीवन चुनौतियों से भरा है जीवन में सुख-दुख, उतार-चढाव आते रहते हैं हमें किसी भी परिस्थिति में अपना मनोबल कम नहीं होने देना है, बल्कि चुनौतियों का डटकर सामना कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढना है। इस अवसर पर कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ.मधु गाबा, प्राध्यापिका मीनाक्षी चौधरी, आस्था गुप्ता, प्राध्यापक विवेक गुप्ता, डॉ.राजेश गर्ग, प्रिया गुप्ता, माणिक गुप्ता, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 26 बोतल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर के गांव मघरपुरा से शराब बेचने के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश को 26 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी अंकुश शराब बेचने का कार्य करता है। उसके घर पर भारी मात्रा में शराब रखी हुई है। पुलिस ने रेड कर आरोपी को 26 बोतल शराब सहित काबू किया है।

### हर नागंरिक को मिले झंडे की जानकारी

**बराड़ा।** स्वतंत्रता दिवस नज़दीक है। पूरा देश 15 अगस्त को गर्व और उत्साह के साथ मनाने की तैयारी में जुटा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत देशभर में घर-घर पर राष्ट्रीय ध्वज लहराया जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय प्रवक्ता व लीगल हेड एडवोकेट अरुण बिड़लान ने कहा कि यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक है लेकिन 15 अगस्त के बाद अक्सर राष्ट्रीय ध्वज की ओर लोगों का ध्यान नहीं रहता। सरकार को चाहिए कि वह इंडियन फ्लैग कोड की जानकारी हर नागरिक तक पहुंचाए।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज

**बराड़ा।** ब्लॉक स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियाँ ज़ोर-शोर से चल रही हैं। संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज के सभागार में सोमवार को विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थी देशभक्ति के रंग में रंगे नज़र आए। कई स्कूलों की टीमों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि एसएमएस. कॉलेज की छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया।

### गुरु ब्रह्मानंद ने महिलाओं को शिक्षा के लिए किया प्रेरित

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रदेश के फ्रेस्नो शहर में जगतगुरु श्री ब्रह्मानंद मंदिर एवं आश्रम शिलान्यास समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मानंद आश्रम कुरुक्षेत्र की पूजनीय माता दर्शनी देवी ने की। कार्यक्रम में अमेरिका में रहने वाले ब्रह्मानंद जी के हजारों अनुयायियों ने भाग लिया तथा अशोक अरोड़ा का गर्मजोशी से स्वागत कया। ब्रह्मानंद जी के अनुयायियों द्वारा यह आश्रम एवं मंदिर पांच एकड़ भूमि में बनाया जाएगा।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा सैलाब, कई बाजारों से होकर निकली यात्रा में युवाओं ने दिखाया देशभक्ति का जज्बा

## पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले सामाजिक और देशभक्ति के साथ हर घर की छत पर फहराया जाएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का दृश्य।





पूर्व राज्यमंत्री एवं हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक असीम गोयल के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा अंब कमल कार्यालय से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री ने ट्रैक्टर चलाकर इस यात्रा का आगाज किया। यात्रा में शामिल दो पहिया वाहनों के साथ हाथो में तिरंगा लेकर यात्रा की अगुवाई की। इस यात्रा में काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। पूर्व राज्यमंत्री एवं हर घर तिरंगा यात्रा के प्रदेश संयोजक असीम गोयल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आहवान पर पूरे प्रदेश व देश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में यहां से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत सामाजिक और देशभक्ति के साथ हर घर की छत पर तिरंगा फहराया जाएगा जिसके लिए इस यात्रा के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जा रहा है। यात्रा में आज भारी संख्या में युवाओं व अन्य ने शामिल होकर देशभक्ति का परिचय दिया है। इंद्र देवता भी प्रसन्न हैं। बारीश होने के बावजूद इस यात्रा में शामिल लोगों का हौसला नहीं डिगा बल्कि कारंवा बढ़ता गया। यात्रा आगे निरंतरता में चलेगा। इस अभियान के तहत सेंट्रल जेल के नजदीक स्थापित अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई और अमर शहीदों को नमन किया गया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के आयोजन को लेकर पूरे देश व प्रदेश में लोग उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान हैं। हर नागरिक व युवा में यह भावना बढनी चाहिए, मजबूत होनी चाहिए। युवाओं की संख्या से दृष्टि से देश दुनिया में अग्रणी स्थान पर हैं। भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में हमें मिलकर कार्य करना हैं। तिरंगा यात्रा का संदेश लेकर 11 अगस्त से 14 अगस्त तक देश के हर कौने में, जिले में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में तिरंगा यात्रा को लेकर उत्साह व जोश हैं। यह यात्रा अंबाला ही नहीं बल्कि पूरे देश व प्रदेश में सामाजिक व राष्ट्र भावना का संदेश लेकर निकाली जा रही हैं। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारों से यात्रा में शामिल लोगों में उत्साह भरने का काम किया। वंदे मातरम् तथा भारत माता के जय घोष से पूरा वातावरण देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। यात्रा में शामिल युवाओं व अन्य लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र भावना का संदेश देते हुए सभी को देश हित के लिए आगे आने के लिए पेररित किया। तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय सेक्टर 8-9 से शुरू होकर मानव चौक, कोर्ट रोड, अग्रसेन चौक, शुकलकुंड रोड, बाजार बस्ती राम, सर्राफा बाजार, दाल बाजार, पटेल रोड, जगाधरी गेट, आर्य चौक, शौर्य चौक, पृथ्वी राज चौहान चौक होते हुए शहीद स्मारक नजदीक सेंट्रल जेल पर आकर संपन्न हुई। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ-साथ यहां पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया। हजारों की संख्या में शामिल लोगों ने तिरंगा यात्रा का सफलता पूर्वक आयोजन करवाया।

हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखने का था, मोटरसाइकिलल व अन्य दो पहिया वाहन पर सवार यात्रा में शामिल प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा व पट्टिकाएं लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारों से पूरा वातावरण राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। जगह-जगह पर यात्रा का लोगों ने भव्य अभिनंदन किया। कई जगहों पर पुष्प वर्षा करके यात्रा का भव्य अभिनंदन किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, सुंदर ढींगरा, राजेश मेहता, दिनेश लदाना, अमन सूद, रविंद्र गुप्ता, मनीष आनंद मन्नी, यतिन बंसल, बीनू गर्ग, नवनीत भल्ला, टीपी सिंह, संजीव गोयल टोनी, अमरजीत सिंगला, गुरप्रीत साना, आशीष टक्कर, हितेष जैन, हरीश शर्मा समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तिरंगे की शान में देशभक्ति के गीतों ने बांधा समां, कई गांवों से होकर निकली तिरंगा यात्रा



**शहजादपुर।** पूर्व विधायक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण।

**शहजादपुर।** कड़ासन मंडल में सोमवार को तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ खुड्डा खुर्द से हुआ। यह जो रत्नेहड़ी, मुन्नरहेड़ी, रोलों से होते हुए हरमन सिटी में जाकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में देशभक्ति गीतों, नारों और तिरंगे की शान से वातावरण गूंज उठा। गांव मुन्नरहेड़ी में यात्रा के दौरान शहीद नैब सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से देशभक्ति का जोश जगाया। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह केवल एक झंडा नहीं बल्कि उन लाखों स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी का प्रतीक है जिन्होंने अपने प्राण देश की आजादी के लिए न्यौछावर कर दिए। तिरंगे की शान और देश की एकता-संप्रभुता के लिए हर नागरिक को संकल्प लेना चाहिए। युवा पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ देश के नवनिर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरजिंदर पाल, मोहित शर्मा, राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र राणा, जगमाल सिंह, बृजपाल राणा, अशोक राणा, सुनील मेहता, रवींद्र सिंह, सुनील कुमार, नरेंद्र कश्यप, रामचंद्र, गोपाल कृष्ण, टिंकू, अनिल, अमनदीप सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईमानदारी का आचरण जीवन में अपनाना ही सत्यपाल मलिक को सच्ची श्रद्धांजलि होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अन्तर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने वालों मे धर्मशाला के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद, पूर्व प्रधान रणजीत सिंह, बनी सिंह ढूल, हरिकेश सहारन, होशियार सिंह बारवा, नरेन्द नैन व मीडिया कोऑर्डिनेटर गुरदीप तंवर श्रद्धांजलि देने वालों मे मौजूद रहे। श्रदांजलि देते हुए डॉ कृष्ण श्योकंद ने कहा कि सत्यपाल मलिक का एकदम से जाना समाज के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है जो किसी भी कीमत पर पूरा नही हो सकता। उन्होंने कहा की उनका जीवन एक खुली किताब की तरह रहा है। वह अपने राजनितिक व सामाजिक जीवन मे कभी भी गलत बात पर नही झुके । उनका ईमानदार आचरण समाज के लिए बहुत बड़ी देन है। उनके द्वारा समाज के लिए ईमानदारी से किये गए कार्य को यदि हम अपने जीवन मे अपनाएं तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य शिक्षाविदों पूर्व सरपंचो आदि ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर पूर्व प्रधान कर्मबीर सरपंच, राजपाल किरमच, पूर्व प्रधान सुरेंद्र, पूर्व सरपंच टेकचंद बारना, समशेर ढूल, जिला पार्षद सुखा गोदारा, सुरेंद्र किरमच.कुलदीप ढिल्लों हथीरा. सुभाष अटठेड़ी. दरिया सिंह घराडसी, रामकरण मगोली, ऋषिपाल आदि समाज के संकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## हरियाणवी डांस पर स्कूली छात्रों ने मचाया धमाल

- स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अनाजमंडी में आयोजित होगी फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** रिहर्सल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे।

उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाली परेड मार्च पास्ट की रिहर्सल अतिरिक्त अनाज मंडी में की गई। इस अवसर पर मुख्याध्यापक सुरेंद्रर धीमान द्वारा एनसीसी की टुकडियों की परेड एवं मार्च पास्ट की रिहर्सल करवाई गई।

समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मार्च पास्ट/परेड़ की रिहर्सल 12 अगस्त को 9 बजे अतिरिक्त अनाज मंडी में होगी। विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परेड़ की रिहर्सल की गई जिनका अवलोकन खण्ड़ शिक्षा अधिकारी मनजीत कौर, खंड शिक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार, स्टेनो नवीन सैनी, सीडीपीओं अरविंद्र कौर, एआईपीआरओ मनोज वालिया तथा प्राध्यापक संजय धीमान द्वारा किया गया। प्रतिभागी बच्चों को उनकी प्रस्तुति को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्राध्यापक कुलवंत सिंह, पीटीआई राजकुमार व स्कूलों के एनसीसी इंचार्ज व अध्यापक मौजूद रहे।

परेड की रिहर्सल में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल , पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल में एसडी स्कूल के बच्चों द्वारा डंबल व हरियाणवी सांग पर अपनी प्रस्तुति दी गई। डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा देश भक्ति पर आधारित लघु नाटिका, बल्यू बैल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा हरियाणवी लोक गीत पर, सन राईज पब्लिक स्कूल बनौदी द्वारा देश भक्ति गीत पर, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर द्वारा पंजाबी गिद्दा की प्रस्तुति दी गई।

पराइम स्टेप इंटरनेशनल स्कूल शहजादपुर, प्रोविड़स स्कूल शहजादपुर, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा रिहर्सल में भाग लिया गया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने बैंड पर अपनी प्रस्तुति दी।

## डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों की महत्ता पर दिया जोर

- एमडीएसडी कॉलेज में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय एवं एनडीएलआई क्लब पर लघुकालीन पाठ्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य वक्ता व कॉलेज छात्र।

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज की लाइब्रेरी में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय एवं एनडीएलआई क्लब पर लघुकालीन पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय कोर्स में कॉलेज के लगभग 50 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं को नेशनल डिजिटल लाईब्रेरी ऑफ इंडिया के विभिन्न संसाधनों, सेवाओं एवं सुविधाओं से परिचित कराना था। प्रतिभागियों को एनडीएलआई पोर्टल के उपयोग, विषयवस्तु खोज, सदस्यता प्रक्रिया व क्लब की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की आयोजक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ने डॉ. कौशल चौहान ने बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभागियों को डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों के महत्व से अवगत करवाया।

साथ ही एनडीएलआई की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कॉलेज की प्राचार्या कर्मजीत कौर ने डॉ. कौशल चौहान को इस ज्ञानवर्धक कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए बधाई दी। उन्हें ऐसे शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रशिक्षणों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ऐसे कोर्स छात्रों को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। क्लब की सदस्यता के लिए प्रेरित किया गया।

## वेतन न मिलने पर एनएचएम कर्मचारी पैन डाउन हड़ताल पर बैठे

**अंबाला।** नागरिक अस्पतालों में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार पैन डाउन हड़ताल पर बैठ गए। यह कर्मचारी केवल एमरजेंसी सेवाएं ही दे रहे हैं। ऐसे में अस्पताल की ओपीडी सहित अन्य सेवाएं प्रभावित हो गई है। हालांकि अस्पतालों में स्थाई स्टाफ कार्यरत है। लेकिन एनएचएम कर्मचारियों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों को उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी कैंट व सिटी के नागरिक अस्पताल में देखने को मिल रही है। 10 से 12 बजे तक ये हड़ताल रखी गई।

## वोट चोरी लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार

- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन बोले मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा राष्ट्र के प्रति विश्वासघात है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि देश के लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में इस समय एक मौन मगर भयावह षड्यंत्र चल रहा है वोट की चोरी। यह न तो तकनीकी भूल है न प्रशासनिक चूक और न ही आंकड़ों की कोई हल्की गड़बड़ी बल्कि संविधान की नींव पर किया गया सुनियोजित प्रहार है। जब मतदाता सूची की पवित्रता ही संदिग्ध हो, तो जनादेश की पवित्रता कैसे सुरक्षित रह सकती है? उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह मुद्दा छह महीने की गहन जांच और स्वयं चुनाव आयोग द्वारा जारी दस्तावेज़ों के आधार पर उठाया है। हर तथ्य प्रमाणों और शोध के साथ प्रस्तुत किया गया है। महादेवपुरा (कर्नाटक) का उदाहरण जहां 1,00,250 फर्जी नाम मतदाता सूची में जोड़े गए,डुप्लीकेट प्रविष्टियां, नकली पते, अमान्य और धुंधली तस्वीरें, 'फॉर्म-6' का दुरुपयोग, यहां तक कि "हाउस नंबर 0" पर दर्ज हजारों मतदाता ये सब किसी तकनीकी त्रुटि की निशानी नहीं बल्कि किसी अदृश्य शक्ति के इशारे पर किया गया संगठित अपराध है। जैन ने कहा कि जब राहुल गांधी ने डिजिटल मतदाता सूची की मांग की तो चुनाव आयोग ने उसके बदले कागज़ का पहाड़ थमा दिया जिसकी जांच में छह महीने लग गए। इसी दौरान कानून में संशोधन कर केवल डेढ़ महीने में सीसीटीवी फुटेज मिटा दी गई। उन्होंने तीखे लहजे में सवाल किया सबूत कौन छुपाता है? वही जिसे चोरी पकड़े जाने का भय हो। यह केवल एक चुनावी घोटाला नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र के साथ किया गया बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को डिजिटल

### अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और पाकिस्तान के इतिहासकार भी करेंगे हिस्सेदारी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हो रहा है। एकेडमिक डिवेलपमेंट सैल व इतिहास विभाग की तरफ से आयोजित इस सेमिनार का विषय स्वतंत्रता संघर्ष व क्रांतिकारियों की भूमिका है। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने बताया कि सेमिनार का शुभारंभ हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एसके गक्खड़ करेंगे। सेमिनार के संयोजक व इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल यादव ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया,जर्मनी व पाकिस्तान के इतिहासकार जुड़ेंगे। इसके अलावा प्रदेश व अन्य राज्यों से करीब डेढ़ सौ शिक्षक व शोधार्थी भी सेमिनार में भाग लेंगे। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### एनसीबी की ओर से आयोजित हुए जागरुकता कार्यक्रम, छात्रों ने भी ली शपथ

## नशे के खिलाफ रोडवेज के चालकों व परिचालकों को किया जागरुक

- नशे के खिलाफ मुहिम में शामिल होने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** नशे के खिलाफ पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों को शपथ दिलवाते डॉ. अशोक वर्मा।

राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सोमवार को अंबाला छावनी के बस अड्डा में चालक प्रशिक्षुओं को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया। यह कार्यक्रम चालाक प्रशिक्षु प्रभारी कृष्ण लाल की उपस्थिति में हुआ जिसमें 76 चालक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। तत्पश्चात वर्मा द्वारा अंबाला शहर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान 350 छात्र छात्राओं एवं प्रशिक्षकों आदि ने भाग लिया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजीव सपरा की अध्यक्षता में हुआ। संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजीव सपरा ने विद्यार्थियों का प्रथम दिन मार्गदर्शन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वर्मा ने दोनों स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रशिक्षुओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा एनसीबी का गठन केवल नशा मुक्त ड्रग फ्री हरियाणा करने के लिए किया गया है। ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5930 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चूका है जबकि वर्ष 2024 में 3330 अभियोगों में 5328 नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखाया गया है। इस वर्ष जनवरी से जून तक 1858 अभियोग अंकित करके 3051 अपराधियों को कारागार तक पहुंचाया गया है। इस वर्ष नशा तस्करी में संलिप्त 87 लाख की संपत्ति जब्त की गयी है। उन्होंने आगे बताया कि नशे को समूल नष्ट करने के लिए दूसरा कार्य जागरूकता का किया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति नशे की दलदल में न चला जाए। उन्होंने कहा कि चालक का उत्तरदायित्व बहुत अधिक होता है। उन्हें तो नशे से सदैव दूर रहना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं 1933 अथवा एनसीबी पोर्टल अथवा 9050891508 पर भी दी जा सकती हैं। संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजीव सपरा ने ब्यूरो का आभार व्यक्त किया।